प्रादेशिक समाचार
20.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उप–राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने संसद भवन में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्दीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, किरेन रिजिजू और अन्य दलों के नेता उपस्थित रहे। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को उतारा है। वे कल अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा एक राष्ट्रीय दैनिक के लिए लिखे गए लेख हुकिंग अपटू द नेक्स्ट टेली लेवल को साझा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने बताया कि कैसे श्री सिंधिया ने किफायती ब्रॉडबैंड, यूपीआई और डिजिटल गवर्नेंस में भारत की प्रगति को रेखांकित किया है जो अब एक वैश्विक केस स्टडी है। अपने लेख में, श्री सिंधिया ने 5जी,  एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और साइबर सुरक्षा की पर ज़ोर दिया है जो देश को अपने निर्धारित मानकों को प्राप्त करने में मदद करेगी।

***************

इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक –2025 पेश किया। इसका उद्देश्य ई–खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढावा देना तथा पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुडे वित्तीय लेन देन पर रोक लगाना है।
इधर गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में पेश किए गए ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक, 2025 की सराहना की है। उन्होंने इसे दूरगामी और प्रभावी कानून बताया, जो इस क्षेत्र को नई दिशा देगा।

***************

रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने संत जेवियर कॉलेज की टीम द्वारा कराए जा रहे चुनाव संबंधित ज्ञान, अभिवृत्ति और अभ्यास केएपी सर्वेक्षण के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तीसरे पक्ष द्वारा किए जाने वाले ऐसे सर्वे मतदाताओं के ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार को समझने और नीतिगत निर्णयों में सहायक होते हैं। संत जेवियर कॉलेज की डॉ. सीमा अखौरी ने बताया कि सर्वे में झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों के 20 विधानसभा क्षेत्रों के 60 मतदान केंद्रों पर करीब 1800 लोगों से बातचीत की जाएगी। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

***************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जमशेदपुर आगमन पर सोनारी एयरपोर्ट में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

***************

रांची जिला प्रशासन ने चौकीदार परीक्षा विज्ञापन संख्या–1/2024 का अंतिम परिणाम मेधा सूची के आधार पर प्रकाशित कर दिया है। जिला जनसम्पर्क कार्यालय के अनुसार कुल 251 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिसमें सामान्य वर्ग से 155, अनुसूचित जनजाति से 94 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से 2 अभ्यर्थी शामिल हैं। अंतिम परिणाम रांची जिले की आधिकारिक वेबसाइट रांची डॉट एनआईसी डॉट इन  पर देखा जा सकता है।

***************

पश्चिमी सिंहभूम ज़िले में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए कई प्रयास शुरू किए गए हैं।

***************

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के अंदर चतरा, देवघर, दुमका और गिरिडीह जिलों में आंधी, मेघगर्जन और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक की तेज हवाएं चलनी की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने लोगों को पेड़ों के नीचे न रहने और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

***************

134 वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में आज कोलकाता में ईस्ट बंगाल का सामना डायमंड हार्बर एफसी से होगा। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नॉर्थ ईस्ट युनाइटेड एफसी ने शिलोंग लाजोंक एफसी को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

*******समाप्त*******